भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1550
05 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

डीआरडीओ की कार्यप्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन

1550. डा. अजित माधवराव गोपछड़े:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की डीआरडीओ की कार्यप्रणाली में पूर्ण रूप से आमूलचूल परिवर्तन करने की योजना है;

(ख) क्या सरकार ने इस विषय पर प्रोद्योगिकिविदों की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है;

(ग) क्या सरकार डीआरडीओ में विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन में वृद्धि करने की योजना बना रही है; और

(घ) क्या सरकार की डीआरडीओ में अनुसंधान कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि करने की कोई योजना है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख) जी, हां। डॉ. विजया राघवन की अध्यक्षता में गठित समिति ने डीआरडीओ की कार्यप्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने के लिए कुछ सुधारों का सुझाव दिया है।

(ग) विभिन्न परियोजनाओं के लिए व्यय डीआरडीओ के नियमित बजट से किया जाता है और डीआरडीओ के बजट में मानक वृद्धि की गई है।

(घ) जी, हां। डीआरडीओ में परियोजना की आवश्यकताओं के अनुसार अनुसंधान कर्मचारियों की क्षमता में वृद्धि करने की योजनाएं हैं।

*****